



नवभारत
इंदौर, गुरुवार, 19 मार्च 2026



## घट्टिया क्षेत्र के अंतर्गत 3 गांवों में खड़ी फसलों में लगी आग

▸ तहसील मुख्यालय पर लम्बे समय से फायर ब्रिगेड की मांग अभी तक पूरी नहीं



**घट्टिया।** गर्मियों के मौसम में गेहू व चने सहित अन्य फसल पककर तैयार हो जाती है व हर वर्ष क्षेत्र में कहीं न कहीं फसलों में शॉर्ट सर्किट व अन्य कारणों से आगजनी की घटनाएं होती है। इन्हीं घटनाओं से किसानों का बहुत नुकसान होता है व फसलें जलकर खाक हो जाती है। घट्टिया तहसील मुख्यालय होने के बाद भी यहा अभी तक अग्निशमन यंत्र (फायर ब्रिगेड) नहीं है। कई बार शासन प्रशासन से फायर ब्रिगेड स्टेशन बनाने की मांग की जाती रही है पर आज तक इस पर कोई कार्रवाई न करते हुए क्षेत्र आज भी फायर ब्रिगेड की कमी से जुझ रहा है। जिला मुख्यालय उज्जैन से फायर ब्रिगेड आने में लगभग एक से आधा घन्टा लग जाता है। तब तक आग विकराल रूप धारण कर लेती है। बुधवार को क्षेत्र में तीन गांवों में फसलों में आगजनी की घटनाएं हुई। सुबह घट्टिया में नारायण सिंह के खेत में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी जिससे कई बीघा की गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। वहीं दोपहर में ढाबला गोरी में आगजनी की घटना हुई थी जिसमें में गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। वहीं शाम को पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम मीण में मालीखेड़ी निवासी किसान पदमसिंह पटेल के खेत में आग लग गई। जिससे लगभग 5 बीघा की गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। तीनों जगह बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लोगों ने पानी के टेंकरो व अन्य संसाधनों की मदद से कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई। लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं से किसानों में मायूसी है, उनकी महीनों की मेहनत चंद मिनटों में जलकर खाक हो जाती है।





## श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी आस्था की भीड़

▸ पंचक्रोशी यात्रियों के पड़ाव के बाद लगा एक दिवसीय मेला

**घट्टिया।** क्षिप्रा व गंभीर नदी के संगम स्थल पर धार्मिक व पौराणिक महत्व के स्थल श्री मेलेश्वर महादेव मंदिर आलोट जागीर से निकलने वाली 31वींपंचक्रोशी यात्रा जगोटी से छः किमी पश्चिम में गांगी नदी के तट पर स्थित प्राचीन श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर पहुंची।

यात्रा की अगुवाई कर रहे पंडित महावीर आमेठा, श्यामलाल शर्मा, भरतलाल शर्मा सहित पंचकोसी यात्रियों का स्वागत श्री बिल्वकेश्वर महादेव सेवा समिति व उपस्थित श्रद्धालुओं ने किया। यात्रियों ने मंदिर में पूजा–अर्चना कर रात्रि विश्राम मंदिर परिसर में किया। श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष भेरुसिह आंजना महूड़ी द्वारा यात्रियों का स्वागत व विश्राम सहित भोजन व्यवस्था श्रद्धालुओं के सहयोग से की। यात्रियों की अगवानी व सेवा हेतु महूडी, हिंगोनिया, खुरचनिया, मालीखेड़ी, कीटिया मैलानिया, महूडीपुरा आदि गांवों से ग्रामीण जन मौजूद थे। यात्रियों का जत्था मंगलवार को पूजन अभिषेक के बाद अगले पड़ाव हेतु रवाना हुआ। श्री बिल्वकेश्वर महादेव मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार भूतडी अमावस्या पर एक दिवसीय मेले के आयोजन में लगभग चालीस से अधिक गांवों से पहुंचे लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## एक नजर में

### किसानों को ई–टोकन से होगा खाद वितरण

**उन्हेल।** ग्राम उन्हेल कस्बा के पटवारी राजेश परमार ने बताया कि जिस किसान भाई ने अपनी फॉर्मर आईडी बना ली है। वह अपनी फार्मर आईडी में अपने सभी सर्वे नंबर चेक कर लेवे अपने फार्मर आईडी के अंदर कुछ सर्वर नंबर अगर कारणवश छूट गए हैं। वह अभी ऐड करवा लें, 1 तारीख से सभी किसानों को सोसायटियो से ई टोकन के माध्यम से ही उर्वरक खाद वितरण होगा। जिसमें अपनी जमीन के सभी खसरे फार्मर आईडी से जुड़े होना अनिवार्य तभी किसानों को खाद प्राप्त हो पाएगा। किसानों से निवेदन आज ही ऑनलाइन सीएससी सेंटर पर जा कर अपनी फॉर्मर आईडी बनवा लें।

### ऐरन पुन: अध्यक्ष, राठी सचिव, बाहेती कोषाध्यक्ष



**इंदौर.** गीता भवन न्यासी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को संरक्षक न्यासी विनोद अग्रवाल एवं वरिष्ठ न्यासी प्रेमचंद गोयल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई जिसमें गीता भवन ट्रस्ट मंडल के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए. समाजसेवी राम एरन पुन: अध्यक्ष चुन लिए गए. अन्य पदाधिकारियों में रामविलास राठी सचिव, मनोहर बाहेती कोषाध्यक्ष एवं गीता भवन अस्पताल की संचालन समिति में दिनेश मित्तल सचिव तथा सर्वश्री प्रेमचंद गोयल, महेशचंद्र शास्त्री, राजेश गर्ग केटी, हरीश जाजू एवं मनोहर बाहेती सदस्य मनोनीत किए गए। नव निर्वाचित अध्यक्ष राम ऐरन पिछले 20 वर्षों से गीता भवन के न्यासी हैं और इस अवधि में वे 10 वर्षों तक कोषाध्यक्ष, 5 वर्षों तक मंत्री एवं 4 वर्षों से अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं। इसी तरह नवनिर्वाचित मंत्री रामविलास राठी भी पिछले 4 वर्षों से ट्रस्ट के मंत्री रहे हैं.

### समाजसेविका सौम्या जैन सम्मानित



**इंदौर.** एक गरिमामय समारोह में मध्य प्रदेश एनजीओ महासंघ द्वारा समाजसेविका सौम्या जैन तिलगोता को सम्मानित किया गया. विप्र प्रमुख योगेंद्र महंत ने सौम्या तिलगोता को ट्रॉफी, प्रशंसा पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. समाज सेवा के क्षेत्र में किये गए कार्यो और उत्कृष्ट योगदान के लिए सौम्या को नवाजा गया. विश्व महिला दिवस पर यह आयोजन किया गया था. महासंघ की ओर से बताया गया कि सौम्या तिलगोता कालानी नगर क्षेत्र मे उन्मुक्त आंनद आश्रम का संचालन करती है, जहा बच्चे से लेकर बुजर्गो को सेवा, शिक्षा, सुरक्षा के साथ उनका भरण– पोषण भी किया जाता है.

### महिलाओं व छात्राओं को केरला स्टोरी–2 दिखाई

**इंदौर.** अखिल भारतीय दिगंबर जैन सकल नरसिंगपुरा संस्थान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्ष तृप्ति जैन के नेतृत्व में मध्य प्रदेश अध्यक्ष विधर्भ जैन की कार्य कार्यकारिणी युवा टीम के साथ इन्दौर में दिगंबर जैन महिला मंडल ग्रुप के सहयोग से 350 महिलाओं व छात्राओं को केरला स्टोरी–2 दिखाई. संस्थान प्रवीण जी ने बताया कि नरसिंगपुरा महिला मंडल से संगीताजी, पायल जी एवं खण्डेलवाल महिला मंडल से साधना दगड़े, संगीता बाकलीवाल, सुलेखा गंगवाल की मुख्य भूमिका रही.

### समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल का निधन

**इंदौर.** नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर के वरिष्ठ न्यासी एवं कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल का मंगलवार को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया. मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि राजकुमार अग्रवाल पिछले 3 दशकों से काँटाफोड़ मंदिर से जुड़कर जीवन पर्यंत मंदिर की सेवा गतिविधियों में समर्पित रहे. वे सांवेर रोड स्थित विश्वनाथ धाम के भी न्यासी मंडल में रहे. उनके निधन पर मंदिर से जुड़े भक्तों ने गहरा शोक व्यक्त किया है. शहर की अनेक धार्मिक सामाजिक संस्थाओं से भी वे अंतिम समय तक जुड़े रहे. उनकी अंतिम यात्रा जानकी नगर स्थित निवास से सुबह 10 बजे प्रारम्भ होकर रीजनल पार्क मुक्ति धाम पहुंचेगी.

### शंख ध्वनि एवं स्वस्ति–वाचन के साथ सूर्यदेव को दिया जाएगा अर्घ्य

**इंदौर.** पारंपरिक लोक नृत्य, वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंख ध्वनि के साथ गुड़ी पड़वा नववर्ष का स्वागत सूर्य अर्घ्य के साथ 19 मार्च को प्रात: 6.15 किया जाएगा. संस्था सार्थक एवं हिंदू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वाधान में बड़ा गणपति चौराहे पर नववर्ष गुड़ीपड़वा का आयोजन भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा. आयोजक व संस्था के प्रमुख दीपक जैन टीनू ने बताया कि धार्मिक परंपराओं के साथ सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का सम्मान भी सर्वोपरि है. इसी क्रम में हिंदू नववर्ष अभिनंदन का यह 9वां वर्ष है. हिंदू नववर्षाभिनंदन के अवसर पर सामूहिक सूर्य अर्घ्य, पारंपरिक लोकगीत एवं लोकनृत्य को भी माध्यम बनाया जाएगा. वसुदेव कुटुंबकम के पवित्र उद्देश्य और संतों व जनमानस के सानिध्य में इस नववर्ष का आयोजन संपन्न होगा। संस्कारों को आत्मसात करते हुए बड़ी संख्या में युवाओं द्वारा भगवा साफा बांधकर उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी. आस्था के इस उत्सव में संपूर्ण चौराहे को भगवा पताकाओं से सजाया जाएगा. इस अवसर पर बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व शंख ध्वनि के साथ पवित्र नदियों के जल से सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा. संस्था के अंकित रावल, नितेश मुछाल ओर गौरव नाहर ने बताया कि कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ पुरू दाधिच जी एवं डॉ सुचित्रा हरमलकर जी की शिष्या प्रसिद्ध नृत्यांगना दमयंती जी भाटिया मिरदवाल अपने आरंभ कथक स्टूडियो की नृत्यांगनाओं के साथ विशेष प्रस्तुति देंगी. प्रस्तुति की शुरुआत गणेश वंदना से होगी। तत्पश्चात भगवान शिव का ताण्डव स्तोत्र, जिसमें शिव की ऊर्जा और सृजनात्मक शक्ति को कथक के माध्यम से अभिव्यक्त किया जाएगा. इसके पश्चात नृत्यांगनाएँ माँ दुर्गा के महिषासुर मर्दिनी स्वरूप को मंच पर साकार करेंगी, जो शक्ति और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है. कार्यक्रम के अंतिम चरण में जय श्रीराम की प्रस्तुति के माध्यम से भगवान श्रीराम के नाम की महिमा का वर्णन किया जाएगा. इसी क्रम में भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी के स्मरण के साथ हनुमान चालीसा की भावपूर्ण प्रस्तुति भी दी जाएगी.

## उन्हेल–उज्जैन मार्ग पर बढ़ती मौतों से आक्रोश, ताजा हादसे ने बढ़ाई चिंता

**विकास जायसवाल**

**उन्हेल।** नागदा–उन्हेल–उज्जैन मार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने आमजन को झकझोर कर रख दिया है। बीते समय में हुए हादसों ने इस मार्ग को लोगों के बीच मौत का रास्ता बना दिया है। खासकर नागदा से उज्जैन के बीच दुर्घटनाएं अधिक सामने आ रही हैं। वहीं उन्हेल क्षेत्र भी अब इन घटनाओं से अछूता नहीं रहा।

हाल ही में हुए एक दर्दनाक हादसे ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी। जानकारी के अनुसार, उन्हेल–उज्जैन के बीच एक कार और आयशर वाहन के बीच आमने–सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन उपचार के दौरान दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि अन्य घायल अभी भी इलाजरत हैं।

बताया जा रहा है कि मृतकों में एक व्यापारी एवं एक भाजपा से जुड़े स्थानीय नेता तथा उनका साथी शामिल हैं। जो किसी कार्य से यात्रा कर रहे थे। इस घटना ने क्षेत्रवासियों को गहरे दुख में डाल दिया है।

जानकारी के अनुसार, पिछले करीब एक वर्ष में इस मार्ग पर बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है। हाल के महीनों में भी लगातार हादसों का सिलसिला जारी है। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा और सुधार कार्यों की गति धीमी बनी हुई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नागदा–उज्जैन मार्ग पर तेज रफ्तार, संकरी सड़क, खतरनाक मोड़ और अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हादसों के प्रमुख कारण हैं। वर्षों से इस मार्ग को चौड़ा और सीधा करने की मांग उठती रही है। लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस कार्य नहीं हो सका है। उन्हेल क्षेत्र में भी हाल के दिनों में बाइक और छोटे वाहनों के हादसे बढ़े हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समय–समय पर सुधार के आश्वासन दिए जाते हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर अपेक्षित बदलाव नजर नहीं आता। नागरिकों का कहना है कि जब तक इस मार्ग का चौड़ीकरण, सीधीकरण और सुरक्षा इंतजाम प्रभावी रूप से नहीं किए जाएंगे, तब तक ऐसे हादसे रुकना मुश्किल है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नागदा–उज्जैन मार्ग पर शीघ्र ही सड़क सुधार, ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उनका निराकरण, पर्याप्त लाइटिंग, गति नियंत्रण के सख्त उपाय और स्पष्ट संकेतकों की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके।

## पंचक्रोशी यात्रा का बुधवार को विश्राम

▸ भव्य स्वागत एवं महाआरती सम्पन्न

**उन्हेल। क्षेत्र के प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पौराणिक आस्था केंद्र मेलेश्वर महादेव की पंचक्रोशी यात्रा का बुधवार को विधिवत विश्राम हुआ। यात्रा के पूर्व प्रात: ग्राम नारायणा स्थित श्रीकृष्ण–सुदामा मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा का पूजन–अर्चन कर यात्रा का शुभारंभ किया। इसके पश्चात यात्रा चिरम्या स्थित स्वर्णगिरी पर्वत के दर्शन करते हुए ग्राम चिड़िरावदिया पहुंची, जहां भक्तों ने भुवनेश्वरी माता के दर्शन किए।**



आगे बढ़ते हुए यात्रा करनावद होते हुए ग्राम परोलिया पदमा पहुंची। जहां दोपहर में विश्राम किया गया। इसके बाद श्रद्धालु ग्राम झिरनिया पहुंचे और कालेश्वर भगवान के दर्शन किए। यात्रा के ग्राम आलोट जागीर पहुंचने पर ग्रामीणों ने संतजनों के चरण पखारकर, पुष्पवर्षा एवं मंगल तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालु डीजे की धुन पर भक्ति गीतों के साथ उत्साहपूर्वक चलते रहे। यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: मेलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। जहां महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं ने नागचंद्रेश्वर भगवान को बलि अर्पित की। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। गुरुवार प्रात: श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पर स्नान कर मेलेश्वर महादेव का अभिषेक–पूजन करेंगे। तत्पश्चात सभी भक्तजन अपने–अपने घरों की ओर प्रस्थान करेंगे।

## फतेहपुरिया अग्रवाल पंचायत महिला मंडल ने मनाया सिंजारा महोत्सव

▸ गणगौर की थीम पर हुआ घूमर और पारंपरिक नृत्य

**उज्जैन।** श्री फतेहपुरिया अग्रवाल पंचायत महिला मंडल की ओर से उल्लासपूर्ण वातावरण में सिंजारा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिंजारे के पारंपरिक कार्यक्रमों के साथ–साथ गणगौर की थीम पर विविध आयोजन हुए।

**सात प्रतियोगियों के बीच चुनी गई सिंजारा क्वीन**–महोत्सव का मुख्य आकर्षण 'बेस्ट सिंजारा क्वीन' प्रतियोगिता रही, जिसमें कुल सात प्रतियोगियों ने भाग लिया। थीम के अनुरूप सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा और साज–श्रृंगार के लिए रेणु मेंदावाला ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संजारा क्वीन का खिताब अपने नाम किया। वहीं, प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर राधा गोयल रहीं। दोनों विजेताओं को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया।



### तीज की सजावट और गणगौर की थीम पर हाऊजी

सरोज अग्रवाल ने बताया कि आयोजन स्थल पर तीज के त्योहार के अनुकूल आकर्षक सजावट की गई थी, जिससे पर्व का उल्लास देखते ही बन रहा था। महोत्सव में महिलाओं ने गणगौर की थीम पर पारंपरिक घूमर और अन्य सामूहिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही फनी गेम्स और गणगौर थीम पर ही हाऊजी भी खेली गई। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष नम्रता हरभजनका, सचिव आशा भगत, मीना पसारी, सीमा गर्ग, निशा हरभजनका, अनिता सुरेका, शैलजा बैराठी, अनिता गोयल, संजना गोयल, कांता गोयल, उमा अग्रवाल और राजकुमारी पसारी सहित बड़ी संख्या में महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित थीं। सिंजारा पर्व के उपलक्ष्य में संस्था की ओर से सभी सदस्याओं को पारंपरिक मिठाई घेवर का वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक नृत्य के साथ हुआ।

## सतत विकास के लिए वैकल्पिक ईंधन समय की मांग

**उज्जैन। शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत इको क्लब द्वारा सतत जीवन शैली पर एक प्रभावी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सतत विकास की राह में सतत ईंधन—भविष्य की अनिवार्य जरूरत विषय पर आयोजित इस कार्यशाला ने छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश प्रसारित किया।**

इको क्लब प्रभारी डॉ. कविता जैन मंगलम् ने बताया कि कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्राओं को वर्ष 2030 के सतत विकास एजेंडे में ईंधन की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सिंह ने 17 सतत विकास लक्ष्यों का उल्लेख करते हुए वर्तमान समय में ईंधन संकट के समाधान हेतु वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों—जैसे पवन, सौर एवं जैविक ईंधनों—के उपयोग की आवश्यकता पर विशेष बल दिया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वन्दना गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में मनुष्य के स्वार्थी स्वभाव को पर्यावरणीय क्षति का मूल कारण बताया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा ही परिवर्तन के वास्तविक वाहक हैं, अत: उन्हें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर छोटे–छोटे प्रयासों से इसे अपने व्यवहार और जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं का आव्हान करते हुए कहा–हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम केवल पर्यावरण संरक्षण की बात ही नहीं करेंगे, बल्कि उसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएंगे—क्योंकि धरती हमें हमारे पूर्वजों से विरासत में नहीं मिली, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों से लिया गया ऋण है।

## एक नजर ▸ खंडेलवाल तकनीकी विकास समिति की अभिनव पहल

## 32+ विवाह योग्य, विधवा, विधुर और तलाकशुदा प्रत्याशियों के लिए 12 अप्रैल को अभा परिचय सम्मेलन

**उज्जैन।** खंडेलवाल तकनीकी विकास समिति उज्जैन की अभिनव पहल के तहत 32 वर्ष से अधिक आयु के विवाह योग्य युवक–युवतियों, विधवा, विधुर एवं तलाकशुदा प्रत्याशियों के लिए आगामी 12 अप्रैल को अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। युवाओं के समय और सोच के अनुरूप आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में मंच, माला और अतिथि व्यवस्था नहीं होगी, बल्कि संपूर्ण आयोजन ठाकुर जी की अध्यक्षता में संपन्न होगा।



इस आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए खंडेलवाल समाज जयपुर की 36 स्थानीय एवं क्षेत्रीय संस्थाओं के अध्यक्षों व सचिवों की एक महत्वपूर्ण बैठक 16 मार्च सोमवार को होटल ओरियन में संपन्न हुई।

बैठक में वैवाहिक विषयों, पारिवारिक संरचना, युवाओं की बदलती सोच, माता–पिता की भूमिका, वर्तमान सामाजिक चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर गहन विचार–विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने युवक–युवतियों की शिक्षा, करियर संबंधी चुनौतियों, बढ़ती वैवाहिक आयु, घटते परिवार, मोबाइल के प्रभाव, परिवार नियोजन और खंडेलवाल समाज के युवाओं की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय वैवाहिक चुनौतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने अनुभव साझा किए।

**बाबा महाकाल के नाम से लिया संकल्प**–सम्मेलन को लेकर वक्ताओं ने समाज में बढ़ती वैवाहिक आयु और परिवार संरक्षण के मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त की। सभी ने बाबा महाकाल के नाम से संकल्प लिया कि वे समाज के प्रत्येक घर–परिवार तक पहुंचकर ऐसे विवाह योग्य युवक–युवतियों को इस पहल से जोड़ेंगे, जिससे उन्हें सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के साथ दांपत्य जीवन में स्थापित किया जा सके।

**जयपुर के मालवीय नगर में होगा आयोजन, उपलब्ध होंगे 16 कक्ष**–समिति के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अशोक खंडेलवाल चिकित्सा संसार उज्जैन ने मालवीय नगर संस्था के अध्यक्ष विशंभर खंडेलवाल से परामर्श के उपरांत घोषणा की कि यह सम्मेलन जयपुर के मालवीय नगर स्थित खंडेलवाल वैश्य भवन में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन ठाकुर जी के सामूहिक पूजन के पश्चात युवक–युवतियों व अभिभावकों के व्यक्तिगत समूह परिचय और लंच के बाद प्रत्याशियों के वन–टू–वन क्लोज सेशन के साथ संपन्न होगा। व्यक्तिगत चर्चाओं के लिए मालवीय नगर भवन में 16 कक्ष उपलब्ध रहेंगे।

### ▸ इनकी रही उपस्थिति

बैठक को विभिन्न क्षेत्रीय संस्थाओं के अध्यक्ष एवं सचिवों ने संबोधित किया। इनमें प्रमुख रूप से ताराचंद कानूनगो, ज्ञानचंद खंडेलवाल, एडवोकेट दीनदयाल खंडेलवाल, सतीश खंडेलवाल, एडवोकेट गोविंद खंडेलवाल, संदीप सेठी, रामचंद्र पितलिया, महेश गुप्ता, शुकदेव गुप्ता, अनुराग खंडेलवाल, दीनदयाल नाटाणी, डॉ. अशोक खंडेलवाल, कृष्णावतार बाजगान, महेश ताम्बी, विशंभर खंडेलवाल, ओमप्रकाश गुप्ता, पवन कानूनगो, दीपक ताम्बी, सुशीला खंडेलवाल, कैलाश खंडेलवाल, कमलेश खंडेलवाल, शंकर टोड़वाल, अमित गुप्ता, श्रीकिशन कुलवाल, कृष्णावतार बाजरगान और रामेंद्र मेहरवाल शामिल रहे।